RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 254 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक


**मुंबई में थर्टी फर्स्ट के लिए ड्रग्स मंगवाने हेतु डार्कवेब का इस्तेमाल...**



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुट गई भारतीय जनता पार्टी...




**मुंबईः** विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय जनता पार्टी अब मुंबई नगर निगम चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। इसके लिए मुंबई बीजेपी की बैठक हुई। इसमें मुंबई बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार मौजूद थे। उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की गई। बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। बीजेपी विधायक अमित साटम ने बताया कि बीजेपी में एक व्यक्ति और एक पद का नियम है। आशीष शेलार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इसलिए उन्होंने बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। मंत्री पद स्वीकार करने के बाद यह जिज्ञासा थी कि शेलार की जगह मुंबई अध्यक्ष कौन बनेगा। लेकिन आज की बैठक में अध्यक्ष पद को लेकर कोई फैसला नहीं हुआ।

**नए बीजेपी अध्यक्ष पर क्या बोले ?**

बीजेपी की बैठक के बाद अमित साटम ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने अपना दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि मुंबई नगर निगम का अगला महापौर महायुति से होगा। उन्होंने कहा कि बैठक में अध्यक्ष की नियुक्ति पर कोई चर्चा नहीं हुई। इसलिए इस बात पर चर्चा चल रही है कि क्या बीजेपी नगर निगम चुनाव तक शेलार को अध्यक्ष बनाए रखेगी।

# महाराष्ट्र के डिप्टी CM शिंदे ने पीएम मोदी से की मुलाकात, बेटे-बहू भी रहे साथ

**महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. उनके साथ बेटे श्रीकांत शिंदे भी पीएम से मिले. श्रीकांत शिंदे महाराष्ट्र की कल्याण सीट से लोकसभा सांसद हैं. श्रीकांत शिंदे की पत्न ी वृषाली शिंदे भी साथ थीं. शिंदे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिलने पहुंचे थे. महाराष्ट्र में नई सरकार और विभागों के बंटवारे के बाद एकनाथ शिंदे पहली बार दिल्ली पहुंचे.**





पीएम मोदी और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ शिंदे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की. पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए डिप्टी सीएम शिंदे ने लिखा, ''देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर दिल्ली में आज मुलाकात की. महाराष्ट्र में मिले रिकॉर्ड जनमत और महायुति की सरकार बनने के बाद की ये मुलाकात थी. विकसित भारत के पथ पर राज्य के योगदान पर चर्चा हुई. सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और वृषाली शिंदे दोनों मौजूद थे.''

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में एकनाथ शिंदे ने कहा, ''महाराष्ट्र में हमारी सरकार बन गई. मंत्रिमंडल की स्थापना हो गई. आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में और उनके आशीर्वाद से हम राज्य में काम कर रहे हैं. उन्होंने महाराष्ट्र के बारे में खुशी जाहिर की. उनसे महाराष्ट्र के भविष्य के बारे में चर्चा की. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ हम फिर पीएम से मिलेंगे.

### महाराष्ट्र की सरकार में शिवसेना के 11 मंत्री

बता दें कि महायुति की सरकार में 39 मंत्री शामिल हैं. इनमें बीजेपी के 19, शिवसेना के 11 और एनसीपी अजित पवार गुट के नौ मंत्री शामिल हैं. हाल ही में हुए महाराष्ट्र में विभागों के बंटवारे में एकनाथ शिंदे को शहरी विकास और लोक निर्माण विभाग सौंपा गया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गृह, ऊर्जा और कानून विभाग अपने पास रखा. अजित पवार को वित्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई. चंद्र शेखर बावनकुले को राजस्व, उदय सामंत को उद्योग, चंद्रकांत पाटिल को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, गणेश नाइक को वन, पंकजा मुंडे को पर्यावरण, हसन मुश्रिफ को मेडिकल एजुकेशन, गुलाबराव पाटिल को पानी आपूर्ति, राधा कृष्ण विखे पाटिल को जलसंपदा, दादा भुसे को स्कूल शिक्षा, अशोल विखे को आदिवासी विकास, प्रताप सरनाईक को परिवहन, धनंजय मुंडे को खाद्य आपूर्ति, अतुल सावे को ओबीसी विकास, संजय शिरसाट को सामाजिक न्याय और भरत गोगवाले को रोजगार विभाग की जिम्मेदारी दी गई.

## वसई में कार ने 6 साल के बच्चे को कुचल दिया; चालक की तलाश




**वसई :** मुंबई के पास वसई में एक कार ने 6 साल के बच्चे को कुचल दिया और वह घायल हो गया. सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि कार बच्चे को टक्कर मारती है, उसे घसीटती है और फिर पिछले पहिये से उसे कुचल देती है. मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस चालक की तलाश कर रही है.

वसई पूर्व के वालिव में नाइपाड़ा गांव के सीसीटीवी फुटेज में बुधवार को एक कार (देखने से एक कैब लग रही है) एक गेट और कूड़े के दो ढेर के पास रुकी हुई दिखाई दे रही है. ड्राइवर अंदर बैठा हुआ है, जबकि एक आदमी पीछे की सीट से उतर जाता है और दूसरा आगे की सीट पर बैठ जाता है. तभी एक लड़का कार के आगे दौड़ता है और कूड़े के ढेर के पास बैठ जाता है.

# EVM पर सुप्रिया सुले का बयान...

## चार बार ईवीएम से वोट करके निर्वाचित हुई तो मैं कैसे कह सकती हूं कि इसमें गड़बड़ी हुई है

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से ही लगातार कांग्रेस और उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना के नेता ईवीएम को लेकर सवाल उठा रहे हैं. इस बीच महाविकास अघाड़ी गठबंधन की सहयोगी शरद पवार की एनसीपी ने इसे लेकर सॉफ्ट रुख अपनाया है. शरद पवार की बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने साफ तौर से कहा है कि बिना ठोस सबूत के ईवीएम को दोष देना गलत है.



सुप्रिया सुले ने कहा, ''ईवीएम में गड़बड़ी का पूरा मामला बहुत ही परेशान करने वाला है. इसमें क्या तकनीकी समस्या है या वोटर लिस्ट में कोई गड़बड़ी है, इसपर चर्चा करने की जरूरत है. जब तक हमारे हाथ टेक्निकल सबूत नहीं आते हैं, तब तक एश्ट पर आरोप लगाना ठीक नहीं है क्योंकि इसी ईवीएम से मैं खुद 4 बार चुनाव जीत चुकी हूं.''

**युगेंद्र पवार को लेकर क्या बोलीं सुप्रिया सुले ?**

एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने ये भी कहा, ''यह मेरा व्यक्तिगत विचार है कि युगेंद्र पवार (बारामती विधानसभा से हारने वाले उम्मीदवार) को वोटों की रिकाउंटिंग के लिए नहीं कहना चाहिए. इसलिए, मैंने उनसे रिकाउंटिंग के लिए आवेदन वापस लेने के लिए कहा और उन्होंने ऐसा किया है. जब मैं चार बार ईवीएम से वोट करके निर्वाचित हुई तो मैं कैसे कह सकती हूं कि इसमें गड़बड़ी हुई है. उन्होंने आगे कहा, ''हालांकि कई लोग कह रहे हैं कि मतदाता सूची पर बहुत सारे सवाल हैं इसलिए, मेरा विचार है कि अगर चीजें हैं पारदर्शिता से किया जाए, चाहे वह ईवीएम हो या बैलेट पेपर, फिर इसमें दिक्कत क्या है? अगर लोग बैलेट पेपर से चुनाव कराना चाहते हैं तो उसी से होने दीजिए, दिक्कत क्या है?'' बता दें कि हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा है. वहीं महायुति गठबंधन में शानदार प्रदर्शन करते हुए देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाई है.

# मुंबई में पानी की टंकी टूटने से बड़ा हादसा,

## नाबालिक लड़की की मौत, 3 लोग हुए घायल

**मुंबईः** मुंबई के नागपाड़ा इलाके में बीएमसी स्टाफ कॉलोनी में बुधवार शाम को सीमेंट की पानी की टंकी टूटने से बड़ा हादसा हो गया। इस में एक नाबालिग की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चारों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने एक नाबालिग लड़की को मृत घोषित कर दिया। बुधवार शाम को बीएससी स्टाफ कॉलोनी में पानी की टंकी टूट गई। इसमें चार लोग दब गए थे। इस हादसे में 9 वर्षीय लड़की की मौत हो गई और एक नाबालिग सहित तीन अन्य घायल हो गए। बृहन्मुंबई नगर निगम के आश्रय योजना प्रकोष्ठ ने 'एसडब्लूएम स्टाफ क्वार्टर' के निर्माण के लिए अस्थायी टंकी लगाई थी। मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में दो नाबालिगों समेत 4 लोग घायल हो गए, उन्हें पास के फौजिया अस्पताल ले जाया गया जहां 9 साल की बच्ची को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन अन्य की हालत स्थिर है। एक



अधिकारी ने बताया कि ''ये सभी लोग ठेकेदार से जुड़े थे और ऐसा प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी टूट गई।'' हालांकि अभी तक इस हादसे का असली कारण पता नहीं चल पाया है। कहा जा रहा है कि जांच के बाद ही सही कारणों का पता लग सकता है।

मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार यह घटना शाम करीब 5:43 बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान खुशी खातून (9) के रूप में हुई है वहीं घायलों की पहचान गुलाम रसूल (32), मिराज खातून (9) और नजरानबीबी (33) के रूप में हुई है। तीन लोगों को मामूली चोटें आई थी। जिनको उपचार के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बजट-पूर्व विमर्श...

प्रधानमंत्री मोदी ने बजट-पूर्व का विमर्श शुरू कर दिया है, तो उनका फोकस 7-8 फीसदी की आर्थिक विकास दर पर है। वैश्विक चुनौतियों, अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद अर्थव्यवस्था की गति और बढ़ोतरी ऐसी रहनी चाहिए, जिससे 2047 में ह्यविकसित भारतह्न का लक्ष्य हासिल किया जा सके। फिलहाल विकास दर कुछ पिछड़ी हुई है, लेकिन भारत इस संदर्भ में, विश्व में, प्रथम स्थान पर है। बहुत जल्द भारत की अर्थव्यवस्था, जापान को पछाड़ कर, चौथे स्थान पर आ सकती है। प्रधानमंत्री का मानना है कि 2047 का लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है, जब अर्थव्यवस्था संबंधी मानसिकताएं बदलेंगी। प्रधानमंत्री के इस विमर्श में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और नीति आयोग के नेतृत्व के साथ-साथ कई अर्थशास्त्री भी शामिल थे। विकास-दर के अलावा विमर्श का फोकस यह रहा कि यदि अमरीका और चीन के बीच ह्यटैरिफ वारह्न छिड़ी की नौबत आती है, तो भारत की रणनीति क्या होनी चाहिए? भारत को ऐसी योजनाएं तैयार करनी चाहिए, जिनसे हम उन स्थितियों का लाभ उठाते हुए अवसरों को बटोर सकें। फिलहाल आर्थिक विशेषज्ञों ने सुझाव दिए हैं कि हमें देश में रोजगार-सृजन, कौशल-विकास, कृषि उत्पादकता को बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और निर्यात बढ़ाने सरीखे मुद्दों पर विशेष फोकस रखना होगा। बेरोजगारी भारत की प्रमुख समस्या है, जिससे अलग-अलग तनाव पैदा होते हैं। किसान भी आंदोलित है, क्योंकि आज भी वह आर्थिक तौर पर विपन्न है और फसलों के व्यापार के संकट भी उसके सामने हैं।

देश के जीडीपी में कृषि का योगदान 17 फीसदी से ज्यादा है। आर्थिक विकास-दर की एक चिंता सामने आई कि जुलाई-सितंबर की तिमाही में बढ़ोतरी 5.4 फीसदी हुई, जो सात तिमाहियों में कम है। जाहिर है कि नीति-निर्माताओं में ह्यखतरे की घंटीह्न बज गई होगी! विशेषज्ञों ने आर्थिक विकास-दर और कुछ सुधारों की व्यापकता पर भी विमर्श किया। जो आर्थिक पतन सामने आया है, उससे भारतीय रिजर्व बैंक समेत कई एजेंसियां सचेत हुई हैं। हालांकि आरबीआई की हालिया रपट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की छमाही के बाद निजी खपत और ग्रामीण मांग में बढ़ोतरी होगी। त्योहारी मौसम की अर्थव्यवस्था के आंकड़े भी स्पष्ट होंगे, नतीजतन विकास-दर में सुधार दिखाई देगा। बहरहाल विशेषज्ञों के सुझाव हैं कि कृषि क्षेत्र और कराधान क्षेत्र में सुधार जरूरी हैं। टमाटर, प्याज, आलू के क्षेत्रों में कीमतें स्थिर होनी चाहिए। इन फसलों का फायदा किसान को भी मिलना चाहिए।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# लातूर में महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने किसानों से की मुलाकात...

## बोले- 'घबराने की जरूरत नहीं'



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में किसानों को वक्फ बोर्ड से नोटिस मिलने का मामला गरमाता जा रहा है। इस बीच महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष समीर काजी ने बुधवार को लातूर जिले के कुछ उन किसानों से मुलाकात की, जिन्हें अपनी जमीन के मालिकाना हक को लेकर वक्फ अधिकरण से नोटिस मिले हैं। काजी ने कहा कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं हैं और याचिकाकर्ता के दावे के विपरीत संबंधित भूमि बोर्ड के राजपत्र में सूचीबद्ध नहीं है. तालेगांव के कुल 103 किसानों और बुधोडा के 25 किसानों को अधिकरण से नोटिस मिला है, क्योंकि एक व्यक्ति ने याचिका दायर कर दावा किया है कि उनकी कुल 300 एकड़ जमीन वक्फ की संपत्ति है. किसानों का कहना है वे कई पीढ़ियों से इन जमीनों पर खेती कर रहे हैं. काजी ने औसा तहसील के बुधोडा गांव का दौरा करने के बाद न्यूज एजेंसी से कहा कि किसानों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है. काजी ने स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड ने कोई नोटिस जारी नहीं किया है. उन्होंने कहा कि नोटिस छत्रपति संभाजीनगर में महाराष्ट्र राज्य वक्फ अधिकरण की ओर से एक व्यक्ति की याचिका के जवाब में भेजे गए थे. उन्होंने कहा, ''वक्फ बोर्ड न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है. विवादित भूमि हमारे राजपत्र में पंजीकृत नहीं है और मामला वर्तमान में अधिकरण में कानूनी समीक्षा के अधीन है. किसानों को आश्वस्त रहना चाहिए कि उनके हितों की रक्षा की जाएगी.''

**क्या है लातूर वक्फ का पूरा मामला ?**

बता दें कि लतूर जिले के 103 किसानों को एक साथ वक्फ बोर्ड की ओर से जमीन को लेकर नोटिस मिला था. इस दौरान नोटिस में दावा किया गया था कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की है. लिहाजा वह यहां खेती करना बंद कर दें. इस नोटिस के बाद यहां खेती कर रहे किसानों की चिंता बढ़ी हुई है. हालांकि, बोर्ड ने अपनी ओर से नोटिस भेजने की बात से इनकार कर दिया है.

# नागपाड़ा इलाके में पानी टंकी फटने से नौ साल की लड़की की मौत...!



**मुंबई :** मुंबई के नागपाड़ा इलाके में बीएमसी स्टाफ कॉलोनी में एक प्रबलित सीमेंट कंक्रीट पानी टंकी फटने से नौ साल की लड़की की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में एक नाबालिग समेत तीन अन्य लोग घायल हो गए। इस बात की जानकारी पुलिस के अधिकारियों ने दी। दरअसल, बृहन्मुंबई नगर निगम के आश्रय योजना सेल द्वारा एसडब्ल्यूएम स्टाफ क्वार्टर के निर्माण के लिए अस्थायी टैंक लगाया गया था।

इस घटना में दो नाबालिगों सहित चार लोग घायल हो गए और उन्हें पास के फौजिया अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने इस घटना को लेकर बताया कि नौ वर्षीय लड़की को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन अन्य की हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि सभी घायल और मृतक ठेकेदार के कर्मचारी थे। घटना के पीछे पानी का दबाव प्रथम दृष्टया कारण था। मुंबई पुलिस द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार ये घटना बुधवार शाम की है।

# मुंबई : ईडी की जांच में सामने आया मानव तस्करी...

## प्रति व्यक्ति 50 से 60 लाख रुपए वसूलते थे एजेंट




**मुंबई :** मानव तस्करी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में सामने आया है कि दो गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) और ट्रावेल एजेंट अमेरिका जाने के इच्छुकों को अवैध तरीके से वहां भेजने का व्यवसाय चला रहे थे। यह एजेंट प्रति व्यक्ति 50 से 60 लाख रुपए वसूलते थे। अमेरिका पहुंचाने के लिए कनाडा का रूट अपनाया जाता था। ईडी की अहमदाबाद यूनिट ने मानव तस्करी के मामले में मुंबई, नागपुर, गांधीनगर और वडोदरा में 10 दिसंबर और 19 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एजेंसी ने 19 लाख की नकदी, मानव तस्करी से संबंधित दस्तावेज, वाहन और डिजिटल डिवाइस बरामद किये थे। इन साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच के बाद ही कनाडा के जरिये अमेरिका पहुंचाने का अवैध चैनल संचालित करने की सुनियोजित साजिश का खुलासा हुआ था।

ईडी जांच के अनुसार भारत से अमेरिका भेजने के लिए मुंबई और नागपुर की दो संस्थाओं (गैर सरकारी संगठन) ने विदेशी विश्वविद्यालयों से विद्यार्थियों को प्रवेश दिलाने के लिए करार किया था। इसमें कनाडा के 112 कॉलेजों ने एक संस्था जबकि कनाडा के 150 से ज्यादा कॉलेजों ने दूसरी संस्था से करार किया था। दोनों संस्थाओं के 800 सक्रिय एजेंट थे। ईडी की जांच के अनुसार अमेरिका जाने के इच्छुक लोगों को विद्यार्थी बताकर कनाडा के कॉलेजों में प्रवेश दिलाया जाता था। कनाडा पहुंचने पर लोग अवैध तरीके से सीमा पार करके अमेरिका पहुंच जाते थे। इसके लिए एजेंट प्रति व्यक्ति 50 से 60 लाख रुपए वसूलते थे।

# मार्च में हो सकता है मुंबई महानगरपालिका चुनाव

**मुंबई :** महानगरपालिका (मनपा) चुनाव को लेकर सभी दलों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित भाजपा के कई मंत्री कह चुके हैं कि इस वर्ष मनपा चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे कयास हैं कि मनपा चुनाव फरवरी से मई के बीच कराए जा सकते हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद चुनाव कराने में दो महीने का समय लगेगा है। इसलिए मार्च में चुनाव कराए जा सकते हैं। जबकि भाजपा नेता मिहिर कोटेचा ने बताया महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 दिन में संपन्न हो गया था। उसी तर्ज पर मनपा का चुनाव भी कराया जा सकता है। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट सभी मामलों की संयुक्त रूप से सुनवाई कर रहा है। 8 जनवरी को इस मामले पर अगली सुनवाई होगी। मुंबई मनपा चुनाव के लिए बीएमसी केवरिष्ठ अधिकारी भी तैयारी में लग गए हैं। वार्डों का परिसीमन का नक्शा तैयार किया जा रहा है। हालांकि मनपा चुनाव 227 सीटों पर होगा या 236 सीटों पर होगा इसको लेकर पेंच फंसा हुआ है।

**पिछले चुनाव में सीट आरक्षण**

वर्ष 2017 में हुए बीएमसी चुनाव में 227 सीटों में से ओबीसी, एससी और एसटी को मिलाकर कुल 78 सीटें आरक्षित थीं। इसमें अकेले ओबीसी के लिए 61 सीटें आरक्षित थीं। इस चुनाव में ओबीसी समाज के कुल 73 नगरसेवक चुने गए थे। 15 सीटों पर अनुसूचित जाति और 2 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रखी गई थीं लेकिनइस बार उनका आरक्षण बदल जाएगा। ओबीसी कोटे पर फैसला होने के बाद होंगे चुनाव : बावनकुले प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय जनवरी में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण पर अपना फैसला दे देता है तो राज्य में स्थानीय निकायों के लंबित चुनाव मार्च-अप्रैल 2025 में होंगे। बावनकुले ने नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ओबीसी कोटे पर सुनवाई जनवरी के पहले सप्ताह में अदालत में सूचीबद्ध है।



# सीमेंट कंक्रीट के कामों में घटिया दर्जे का काम करने वालों को दंड !

## शुरूआती जांच में अब तक ठेकेदारों पर 50 लाख का जुमार्ना...



**मुंबई :** सीमेंट कंक्रीट के कामों में गुणवत्ता खराब पाए जाने पर मनपा प्रशासन ने ठेकेदारों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। मनपा प्रशासन ने शुरूआती दौर में सड़क ठेकेदारों पर 50 लाख का दंड लगाया है। इस तरह की जानकरी मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर ने दी है। उन्होंने बताया कि ठेकेदारों पर अभी आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। बता दें कि मुंबई शहर को गड्ढामुक्त बनाने के लिए मुंबई की सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करने का निर्देश पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दिया था। मनपा प्रशासन ने पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निर्देश पर ही मुंबई की लगभग 800 किमी सड़क को सीमेंट कंक्रीट करने का ठेका दो चरणों में दिया। सीमेंट कंक्रीट के चल रहे कामों में खराब गुणवत्ता के कारण दरारें आ गईं।

**सड़कों की गुणवत्ता पर उठते सवाल**

सड़कों में दरारे आने के बाद मनपा प्रशासन ने जांच कार्रवाई शुरू की। इसबीच भाजपा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने भी सीमेंट कंक्रीट सड़क के काम में गुणवत्ता खराब होने की शिकायत मनपा आयुक्त भूषण गगरानी से की। इसके बाद कई और जगहों पर भी सड़क कार्य के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हुआ। मनपा आयुक्त गगरानी ने सभी चल रहे कामों के जांच करने का निर्देश दिया। मुंबई महानगरपालिका के तहत 701 किलोमीटर सड़कों के कंक्रीटीकरण करने का कार्य शुरू किया गया है। पहले चरण में 392 किलो मीटर और दूसरे चरण में 309 किलोमीटर सड़कों का कांक्रीटीकरण किया जाएगा। पहले चरण का कार्य 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। शिकायत के बाद जांच में अब तक विभिन्न ठेकेदारों पर 50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। यह जुमार्ना केवल ठेकेदारों पर नहीं, बल्कि इन सड़कों के काम की निगरानी करने वाली गुणवत्ता प्रबंधन एजेंसियों पर भी लगाया गया है। क्योंकि उन्होंने उचित निगरानी नहीं रखी थी। अंधेरी में चल रहे सड़क के काम में ठेकेदार पर 1 लाख 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया, साथ ही एजेंसी पर भी डेढ़ लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

# थर्टी फर्स्ट को लेकर अलर्ट !

## पियक्कड़ चालकों पर कार्रवाई शुरू...




**ठाणे :** क्रिसमस और नववर्ष के स्वागत के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ठाणे पुलिस ने सख्त कार्रवाई का अभियान शुरू किया है। अगले कुछ दिनों तक यह अभियान जारी रहेगा, जिसमें वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा और उनका परामर्श भी किया जाएगा। बता दें कि थर्टी फर्स्ट को अब 5 दिन ही शेष रह गए हैं। थर्टी फर्स्ट के दौरान कई मनचले शराब पीकर गाड़ी चलाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं। ऐसे में बड़ी दुर्घटना होने और जान जाने का खतरा बन जाता है। इसलिए क्रिसमस के कुछ दिन पहले से ही ट्रैफिक ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाहन चालकों पर कार्रवाई करना शुरू करती है। इसी के तहत इस वर्ष भी क्रिसमस और नववर्ष के समय ठाणे जिले में मुंबई समेत विभिन्न स्थानों से पर्यटक घूमने आते हैं। इस दौरान यातायात नियमों का पालन न करने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। इसे रोकने के लिए ठाणे पुलिस ने ठाणे से बदलापुर और भिवंडी तक पूरे आयुक्तालय क्षेत्र में विशेष अभियान शुरू किया है। वहीं ठाणे ट्रैफिक पुलिस चौराहों पर तैनात होकर ब्रेथ एनालाइजर की मदद से नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रही है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को भी परामर्श देकर नियमों का पालन करने की हिदायत दी जा रही है। ''वाहन चालकों को यातायात नियमों का सखी से पालन करना चाहिए। नियमों का उल्लंघन होने पर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। नागरिकों से अपील है कि वे नियमों का पालन करें।

# अंधेरी स्थित सालवी मार्केट के पुनर्विकास से फेरीवालों को मिलेगी जगह...

## आयुक्त के पास भेजा प्रस्ताव, फिलहाल भूमिगत मार्केट बनाने का निर्णय ठंडे बस्ते में



**मुंबई :** अंधेरी स्थित मनपा का दत्ता जी सालवी मार्केट का पुनर्विकास मनपा करे और उसी में अंधेरी के हॉकर्स प्लाजा के लिए जगह उपलब्ध कराई जाए। इस तरह की मांग भाजपा विधायक अमित साटम ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के पास प्रस्ताव किया है। अमित साटम की मनपा आयुक्त के साथ हुई बैठक में यह प्रस्ताव रखा। अमित साटम के प्रस्ताव पर मनपा के मार्केट विभाग के अधिकारी भी सकारात्मक है। मनपा अधिकारियों की माने तो अंधेरी स्थित दत्ता जी साल्वी मार्केट का पुनर्विकास किया गया तो अंधेरी स्टेशन परिसर में बैठे फेरीवालों को जगह मिल सकेगी। इस मार्केट के पुनर्विकास में लगभग 700 फेरीवालों को बिठाया जा सकेगा। मनपा का मानना है कि इससे अंधेरी स्टेशन परिसर में अवैध रूप से बैठने वाले फेरीवालों की समस्या दूर होगी। अंधेरी स्टेशन परिसर में होने वाली भीड़ भाड़ की समस्या दूर होगी और यात्रियों को होने वाली समस्याओं का निपटारा होगा। अंधेरी के फेरीवालों को एक जगह पर स्थानांतरित करने के उद्देश से मनपा ने योजना बनाई है। इस योजना के तहत अंधेरी में भूमिगत बाजार बनाने का विचार किया गया था। इसके लिए आंब्रे गार्डन के नीचे भूमिगत बाजार स्थापित करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन स्थानीय निवासियों के विरोध के कारण इस पर पुनर्विचार किया गया।

# मुंबई वासियों का पानी दो साल बाद होगा महंगा ?

## मनपा चुनाव बाद ही होगा निर्णय, जल विभाग को मनपा ने भेजा प्राथमिक प्रस्ताव...



**मुंबई :** मनपा प्रशासन लगभग दो साल बाद मुंबई वासियों का पानी का दर बढ़ाने का विचार कर रही है। मनपा के जल विभाग ने प्राथमिक प्रस्ताव बनाकर आयुक्त के पास भेजा है। आयुक्त की मंजूरी मिलने के बाद ही पानी की दर बढ़ाने पर निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल मनपा का चुनाव कराया जाना है। चुनाव के बाद ही पानी की दर के बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर हरी झंडी लगेगी। बता दें कि मनपा जल विभाग ने पानी सप्लाई में होने वाले खर्च बढ़ोत्तरी को देखते हुए मनपा जल विभाग ने पानी की दर में 8 प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने का निर्णय लिया है। पानी की दरों में वृद्धि का प्रस्ताव आयुक्त भूषण गगराणी को प्रस्तुत किया है। प्रशासन का कहना है कि विभिन्न मदों में खर्च बढ़ने के कारण पानी की दरों में वृद्धि करना आवश्यक हो गया है। इस प्रस्ताव को प्रशासनिक मंजूरी मिलने के बाद इसे आधिकारिक मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। मुंबई के लोगों को पानी की आपूर्ति ठाणे और पालघर जिलों के तालाबों से की जाती है। जल अभियंता विभाग रोजाना 3950 मिलियन लीटर पानी मुंबई के विभिन्न हिस्सों में आपूर्ति करता है। इस पानी आपूर्ति के लिए बिजली, रखरखाव, प्रशासनिक खर्च, और पानी शुद्धीकरण खर्च हर साल बढ़ते जा रहे हैं। पानी की सामान्य सप्लाई और बढ़ते खर्च को ध्यान में रखते हुए 2013 में स्थायी समिति द्वारा 8 प्रतिशत दरवृद्धि को मंजूरी दी गई थी। लेकिन पिछले दो वर्षों में पानी की दरों में कोई वृद्धि नहीं हुई। इस साल बढ़ते

खर्चों के कारण जल विभाग ने पानी की दरों में वृद्धि करने का प्रस्ताव तैयार किया है। प्राथमिक प्रस्ताव आयुक्त को भेजा गया है। आयुक्त की मंजूरी मिलने के बाद, लेखा परीक्षण विभाग से परामर्श कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

# ओला कार चालक ने नाबालिग पर चढ़ाई कार, हालत गंभीर, भर्ती

**वसई :** वसई पूर्व के नाइक पाड़ा इलाके में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां एक ओला कैब चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क पर खेल रहे 5 साल के बच्चे को कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। बच्चे की हालत गंभीर है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे हुई। एक स्थानीय व्यक्ति ने ओला ऐप के जरिए वाहन (टल 01 एट 3245) बुक किया था। गाड़ी पहुंचने के बाद यात्री उसमें बैठ गया। इसी दौरान चालक ने गाड़ी स्टार्ट की और तेज गति से आगे बढ़ने लगा। सामने खुली जगह में खेल रहा राघव कुमार चव्हाण (5) अचानक गाड़ी के नीचे आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद भी चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और तेज रफ्तार में बच्चे को घसीटते हुए भाग गया। चमत्कारिक रूप से बच्चा इस हादसे में बच गया, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पीठ पर 14 टांके, माथे पर 9 टांके, और पैर में गहरी चोट आई है। घायल बच्चे का इलाज वालिव के वाल्वादेवी अस्पताल में चल रहा है। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# महायुति सरकार ने वाइन उद्योग समूहों को 38 करोड़ 71 लाख रुपए का अनुदान को दी मंजूरी...



**मुंबई :** प्रदेश की महायुति सरकार ने वाइन उद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत साल 2024-25 में नाशिक और सोलापुर के विभिन्न 8 निजी समूहों को 38 करोड़ 71 लाख 22 हजार 198 रुपए का अनुदान वितरित करने को मंजूरी दी है। इसमें नाशिक की सुला वाइनयार्ड्स, गुड ड्रॉप वाइन, वैलोन वाइनयार्ड्स समेत दूसरी कंपनियों का समावेश है। प्रदेश के उद्योग विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी किया है। इन वाइन उद्योग समूहों का साल 2018 से 2024 के बीच का अलग-अलग वर्षों का प्रोत्साहन अनुदान बकाया था। इसके मद्देनजर पुणे और सोलापुर के राज्य टैक्स सह आयुक्त ने वाइन उद्योगों को प्रोत्साहन राशि वापस देने का प्रस्ताव राज्य के उद्योग विभाग के पास भेजा था। जिसके बाद उद्योग विभाग के आग्रह पर अब राज्य के वित्त विभाग ने वाइन उद्योग प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 8 समूहों के 21 प्रलंबित दावे का निपटारा किया है।

राज्य के नाशिक सहित दूसरे जिलों में अंगूर का उत्पादन होता है। सरकार ने वाइन उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए अंगूर प्रक्रिया उद्योग नीति घोषित की है। इस नीति का लक्ष्य अंगूर उत्पादक किसानों का नुकसान टालना है। इसके तहत अंगूर की फसल लगाने और सूखा मेवा बनाने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। इसके तहत राज्य में वाइन के उत्पादन और बिक्री पर अदा किए जाने वाले 20 प्रतिशत मूल्यवर्धित टैक्स भरने पर उसमें से 16 प्रतिशत टैक्स की राशि वाइन प्रोत्साहन अनुदान के रूप में वितरित की जाती है। सरकार ने उद्योग निदेशालय के माध्यम से 8 वाइन उद्योग समूहों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए मंजूरी दी है।

# अतिरिक्त सीट के माध्यम से प्रवेश से वंचित एमबीबीएस अभ्यर्थी को दी राहत...



**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के कॉलेज में अतिरिक्त सीट के माध्यम से प्रवेश से वंचित एमबीबीएस अभ्यर्थी को राहत दी। अदालत ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग शिक्षण प्रसारक मंडल (एसएसपीएम) मेडिकल कॉलेज को संस्थागत स्ट्रे वैकेंसी राउंड के तहत छात्रा के लिए एक अतिरिक्त सीट बनाकर एमबीबीएस कोर्स के पहले वर्ष में प्रवेश देने का निर्देश दिया है। इसके बाद राज्य सरकार ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से छात्रा को प्रवेश देने के लिए एक अतिरिक्त सीट बनाने की अनुमति मांगी है। न्यायमूर्ति ए.एस.चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ ने छात्रा की याचिका पर कहा कि याचिकाकर्ता की जाति की स्थिति कभी भी सवाल में नहीं थी। उसे इनकार केवल तकनीकी आधार पर किया गया था। याचिकाकर्ता की कोई गलती नहीं थी। इसलिए न्याय का सिद्धांत ऐसी स्थिति में उसे राहत की मांग करता है। पीठ ने असाधारण परिस्थितियों में प्रवेश देने के लिए अतिरिक्त सीटें बनाने को सही ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट के उदाहरणों का हवाला दिया।

# मुंबई में थर्टी फर्स्ट के लिए ड्रग्स मंगवाने हेतु डार्कवेब का इस्तेमाल...

**मुंबई :** थर्टी फर्स्ट की पार्टी के मद्देनजर बड़े पैमाने पर डार्कनेट का इस्तेमाल कर ड्रग्स की मांग बढ़ गई। भारत में 'डार्कनेट' वेबसाइट पर प्रतिबंध लगा हुआ है। ये ड्रग्स विदेशों से कुरियर के जरिए भारत के विभिन्न राज्यों और शहरों में पहुंचाई जा रही हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की एक टीम ने मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक ऑपरेशन में 13 किलोग्राम हाइब्रिड गांजा जब्त किया है। एनसीबी सूत्रों के मुताबिक, युवाओं में हाइब्रिड गांजा और हाइड्रोपोनिक गांजा के प्रति दीवानगी के कारण मुंबई और अन्य शहरों में इस प्रकार के




ड्रग्स की मांग भारी मात्रा में बढ़ गई है। एनसीबी सूत्रों ने बताया कि एनसीबी द्वारा जब्त किया गया हाईब्रिड गांजा थर्टी फर्स्ट की पार्टी के लिए थाईलैंड से मुंबई लाया गया था।

शहर में थर्टी फर्स्ट की पार्टी के लिए आयोजकों ने काफी तैयारियां शुरू कर दी है. पाटी के लिए तरह-तरह की शराब और ड्रग्स का स्टॉक करने के लिए पिछले एक महीने से डार्कनेट से ड्रग्स का ऑर्डर दिया जा रहा है। मुंबई पुलिस के मादक द्रव्य निरोधक दस्ते के साथ-साथ केंद्रीय जांच एजेंसी भी फोकस ड्रग डीलरों, आपूर्तिकर्ताओं, ड्रग तस्करों पर नजर गड़ाए बैठे हुए है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई के विभिन्न इलाकों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बड़ी मात्रा में हाइब्रिड गांजा, मेस्कलाइन और हाइड्रोपोनिक गांजा जब्त किया है। नए साल के मद्देनजर एनसीबी को सूचना मिली कि थाईलैंड से मुंबई में अवैध नशीले पदार्थ लाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर थाई एयरवेज की फ्लाइट से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचे एक संदिग्ध पार्सल का पता लगाया गया. जिसमें 13 किलोग्राम हाइब्रिड गांजा मिला। यह पार्सल जांच से पता चला कि वह व्यक्ति कोल्हापुर का था। एनसीबी की टीम तुरंत कोल्हापुर पहुंची और वहां से एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया।

# कल्याण में नाबालिग लड़की की हत्या!

## लोगों में दहशत... नहीं हो रहा शासन पर विश्वास

**कल्याण :** कल्याण में नाबालिक लड़की के साथ यौन उत्पीड़न कर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपी विशाल गवली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पत्नी को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है, जिसने पुलिस के सामने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।




पुलिस की एक टीम ने शेगांव से आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, विशाल गवली अपनी पत्नी के गांव में छिपा हुआ था। पुलिस ने उसकी पत्नी के गांव से शेगांव में आरोपी को गिरफ्तार किया। अल्पवयीन लड़की की हत्या के मामले में आरोपी विशाल गवली की पत्नी साक्षी ने बताया कि उसने लड़की को शाम पांच बजे घर में बुलाया। उस समय विशाल गवली ने लड़की के साथ गलत काम किया और उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने लड़की के शव को एक बड़े बैग में रख दिया। आरोपी की पत्नी बैंक में काम करती है, इसलिए वह शाम सात बजे घर आई। उस समय आरोपी पति ने पत्नी को पूरे घटनाक्रम के बारे में बताया, जिसे सुनकर उसे बहुत धक्का लगा। हालांकि, इसके बाद शाम सात बजे दोनों पति-पत्नी ने मिलकर शव के साथ क्या करना है, इस पर योजना बनाई। उससे पहले उन्होंने घर में फैले खून को साफ कर दिया। रात आठ बजे विशाल ने अपने मित्र की ऑटो रिक्शा बुलवाई। वे रात नौ बजे बापगांव की दिशा में रवाना हुए। वहां उन्होंने शव को फेंक दिया और दोनों घर लौट आए।

घर लौटते समय विशाल ने आधारवाड़ी चौक से शराब खरीदी और फिर अपनी पत्नी के गांव बुलढाणा की ओर चला गया। पत्नी साक्षी वहीं रुक गई। लेकिन घर के पास मिले खून के कारण पुलिस को शक हुआ कि विशाल ने यह अपराध किया है। पुलिस ने साक्षी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, और उसने पुलिस को पूरी घटना के बारे में बताया। इसके बाद पुलिस ने विशाल को उसकी पत्नी के गांव से शेगांव में गिरफ्तार किया।

# 6 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**वसई :** वसई क्राइम ब्रांच यूनिट 2, ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 6 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुभान हैदर शेख (42) के रूप में हुई है, जो नालासोपारा पूर्व का निवासी और पेशे से रिक्शा चालक है। जब्त गांजे की बाजार में अनुमानित कीमत 90,000 रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में, यूनिट 2 के पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे के नेतृत्व में एपीआई सुहास कांबले, सागर शिंदे और पीएसआई अजित गिते की टीम ने की। 25 दिसंबर को पुलिस टीम सरकारी बोलेरो जीप से नालासोपारा पूर्व में गश्त कर रही थी। रात करीब 12:30 बजे साईं लॉज के पास एक संदिग्ध व्यक्ति बैग लिए खड़ा दिखाई दिया।


# प्रदूषण कम करने के लिए शुरू हुई सड़कों की सफाई...

**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए मुंबई सड़कों की धुलाई शुरू कर दी है। इसी तरह मनपा ने धूल प्रदूषण फैलाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई भी शुरू कर दी है। मनपा के क्लीन अप मार्शल की कार्रवाई में एक दिन में 56,700 रुपए जुमार्ना वसूल किया है। और एक्यूआई में सुधार के लिए एक विशेष एसओपी जारी किया था। एसओपी का पालन नहीं करने और मुंबई शहर को गंदा करने पर मनपा का एक्शन भी शुरू किया है। मनपा के क्लीन अप मार्शल की कार्रवाई में एक दिन में 56,700 रुपए जुमार्ना वसूल किया है। मनपा के अधिकारी ने बताया कि मनपा 25 दिसंबर को मुंबई में 254 किमी लंबी 122 सड़कों को साफ करने के साथ उनकी धुलाई की गई। इसके लिए पानी के टैंकर, फायरएक्स और मिस्टिंग मशीनों सहित 96 मशीनों का उपयोग



किया गया। कचरा इकट्ठा करने और उसका परिवहन के लिए जेसीबी, डम्पर, मैकेनिकल स्वीपर, ई-स्वीपर, कूड़ा बीनने वाले जैसे 73 वाहनों का उपयोग किया गया। 30 जेसीबी और डम्पर, 18 मैकेनिकल स्वीपर, 10 ई-स्वीपर, 15 कूड़ा उठाने वाली मशीनें का उपयोग किया गया। इस दौरान कुल 224 टन कचरा जमा किया गया, जिसे प्रसंस्करण सुविधा सेंटर में ले जाया गया।

# ठाणे इलाके के नाले में मिला शव...



**ठाणे :** वागले इस्टेट क्षेत्र के रघुनाथ नगर इलाके के नाले में बुधवार को 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक का नाम सुनील ठाकुर बताया गया है, और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह नाले में गिरकर अपनी जान गंवा बैठा, ऐसी जानकारी वागले इस्टेट पुलिस ने दी है। रघुनाथ नगर स्थित पनामा कंपनी के पास मौजूद नाले में सुबह करीब 9 बजे पुलिस को शव मिलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस, ठाणे महानगरपालिका आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शव को नाले से बाहर निकाला और उसकी पहचान सुनील ठाकुर के रूप में की। इस घटना की रिपोर्ट वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है, और आगे की जांच जारी है।

# भिवंडी : पानी चोरी कर बिक्री कर रहे तीन पर केस दर्ज

**भिवंडी :** भिवंडी- निजामपुर महानगरपालिका के जल आपूर्ति विभाग ने अनधिकृत जल उपयोग के मामलों में कड़ी कार्रवाई करते हुए नारपोली क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक नारपोली के तरुण टेक्सटाइल के सामने अजंठा कंपाउंड में शहजादे खान ने पालिका की अनुमति लिए बिना जल वाहिनी में छेद कर पाइपलाइन के जरिए पानी को टैंकर में भरकर



व्यावसायिक उपयोग के लिए डाइंग और सायजिंग कंपनियों को बेच रहे थे। इसी तरह दूसरे मामले में एस. एस. कॉटन वर्ल्ड के सामने, अजंठा कंपाउंड में सलामत खान ने भी नगर निगम की जल वाहिनी में छेद कर पानी को अवैध रूप से इकट्ठा किया और व्यावसायिक रूप से बेचने का काम कर रहे थे। उनके खिलाफ भी संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। तीसरे मामले में अजंठा कंपाउंड, नारपोली की संपत्ति क्र. 28/जी/2 के मालिक मुख्तार शेख ने बिना अनुमति के जल वाहिनी से आधे इंच की अवैध पाइपलाइन जोड़कर सर्विस सेंटर के लिए पानी का इस्तेमाल किया। तीनों मामलों में भोईवाडा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 324(4), 326 (क), और 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया। यह कार्रवाई महानगरपालिका प्रशासक और आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर कार्यकारी अभियंता संदीप पटनावर के मार्गदर्शन में उप अभियंता सरफराज अंसारी और टीम प्रमुख विराज भोईर की देखरेख में की गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com